सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 214 | इंदौर, मंगलवार 17 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बात बेबाक..!

@ पुष्पेन्द्रपुष्प

# "नो टच नो टच विदाउट मैरिज नो टच"

- ...सही कहा सुप्रीम कोर्ट ने आखिर क्यों किसी भी रिश्ते में विवाह से पहले शरीर सौंप देना कहां तक जायज है..?


नसीहत • शारीरिक संबंध पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

**शादी से पहले महिला को किसी पर भरोसा नहीं करना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट**

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मामले में सुनवाई के दौरान विवाह पूर्व शारीरिक संबंध बनाने पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि चाहे संबंध सहमति से ही क्यों न हो, शादी से पहले लड़का-लड़की एक-दूसरे के लिए अजनबी होते हैं। ऐसे में उन्हें

**जब महिला विवाह को लेकर गंभीर थी तो आरोपी संग दुबई नहीं जाना चाहिए था: कोर्ट**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिला विवाह को लेकर गंभीर थी, तो उसे दुबई नहीं जाना चाहिए था। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में जब संबंध सहमति से बने हों, तो इन्हें ट्रायल और सजा के लिए नहीं भेजा जाना चाहिए।

भावनात्मक जुड़ाव, आर्थिक जुड़ाव वैचारिक जुड़ाव यह सब चलता है लेकिन शारीरिक जुड़ाव के बाद हारमोंस बदल जाते हैं भावनाएं और ज्यादा दृढ़ हो जाती है ऐसे में किसी भी प्रकार से यदि सामने वाला चाहे वह लड़का हो या लड़की आपके लिए उपयुक्त नहीं रहा तो निश्चय ही एक ऐसा खेल शुरू होता है जिसमें सिर्फ धंसना ही धंसना है बाहर आने की गुंजाइश बा मुश्किल हो पाती है।

सोसाइटी में 'नो टच' का रूल फॉलो होना चाहिए जब तक की आपसी समझ पूरी तरह से डेवलप्ड न हो जाए।

कोर्ट की इस टिप्पणी को यदि समाज 'नो टच पॉलिसी' के रूप में एक्सेप्ट कर ले तो महिला संबंधी अपराध, विवाह संबंधी अपराध या भावनात्मक संबंधी अपराध बहुत हद तक कंट्रोल किए जा सकते हैं ।

लेकिन यह कोर्ट ने कहा है मानना -समझना-क्रियान्वयन करना अपने अपने स्तर पर करना होगा । समाज का हर तबका, समाज का हर क्षेत्र 'नो टच पॉलिसी' को गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए प्रक्रिया प्रारंभ करना होगी।

हमारे परिवारों में हमारे बच्चों को यह सीखाना होगा कि जब तक पूरी तरह आप विकसित न हो जाए किसी भी रिश्ते में तब तक 'नो टच पॉलिसी' कंपलसरी होना चाहिए।

इसीलिए भारतीय समाज में, सनातन धर्म में विवाह एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण पड़ाव माना गया जाता है हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने यही सोच करके विवाह को आश्रम की संज्ञा दी है कि जब तक विवाह न हो तब तक किसी से शारीरिक रूप से ना जुड़े ।

ब्रह्मचर्य को सामान्य अर्थों में कहा जाए तो 'नो टच' होता है। ब्रह्मचर्य का सरलीकरण अर्थात 'नो टच पॉलिसी' । किसी से भी मिलिए- बात करिए- सम्मान दीजिए- साथ दीजिए -व्यवहार कीजिए लेकिन एक प्रॉपर डिस्टेंस रखते हुए ...!

'नो टच नो टच विदाउट मैरिज नो टच'

यही अब आने वाले समय का प्रमुख सूत्र वाक्य बनना चाहिए ।

# आगामी 25 वर्ष में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 22.50 लाख रुपए करने का है लक्ष्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## विकसित भारत@2047 के लक्ष्य में प्रदेश की होगी अहम भूमिका, 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी का लक्ष्य

- एमएसएमई औद्योगिक विकास की बैक बोन, मध्यप्रदेश कृषि क्षेत्र में है अग्रणी
- मध्यप्रदेश नक्सलवाद से मुक्त होने वाला पहला राज्य, 31 मार्च की डेडलाइन से पहले हुआ मुक्त
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव अभ्युदय इंडस्ट्री लीडरशिप कॉन्क्लेव 2026 में हुए शामिल




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। औद्योगिक निवेश प्राप्त करने, सोलर एनर्जी उत्पादन, कृषि उत्पादन सहित अनेक मामलों में मध्यप्रदेश, देश का अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत@2047 में मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। हमारी सरकार ने मध्यप्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सभी क्षेत्रों के लिए 25 वर्षों का दृष्टिपत्र तैयार किया गया है। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय अभी 1 लाख 55 हजार रुपए है। अगले 25 साल में इसे 22 लाख 50 हजार करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम कृषि क्षेत्र में लंबे समय से अग्रणी है, लेकिन एमएसएमई प्रदेश के औद्योगिक विकास की रीढ़ (बैक बोन) है। राज्य सरकार एमएसएमई और लघु-कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में आयोजित 'अभ्युदय इंडस्ट्री लीडरशिप कॉन्क्लेव 2026' में एक निजी मीडिया संस्थान के संपादक श्री प्रफुल्ल केटकर के साथ चर्चा में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चर्चा के दौरान प्रदेश की प्रगति, औद्योगिक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित प्रश्नों का बेबाकी से उत्तर दिया।

प्रदेश में लागू की 18 नई औद्योगिक नीतियों की विशेषताओं पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास बड़े शहरों के साथ छोटे शहरों तक भी पहुंचे, इसके लिए संभागीय स्तर पर अलग-अलग सेक्टर्स पर केंद्रित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गई हैं। माइनिंग, टेक्सटाइल, टूरिज्म सहित अनेक क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। कटनी और शहडोल में माइनिंग सेक्टर में निवेश के लिए देश के शीर्ष उद्योगपति आगे आए हैं। नर्मदापुरम के बाबई-मोहासा में इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स तैयार करने के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो रहा है, जहां उद्योग शुरू करने के लिए तेजी से निवेशक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का युवा रोजगार देने वाले बनें, इसलिए स्वरोजगार और युवा उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिली है। होम-स्टे से पर्यटकों को सुविधा मिलने के साथ ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। यही कारण है कि प्रदेश में बेरोजगारी दर तेजी से घट रही है। अब मध्यप्रदेश मात्र 1 से डेढ़ प्रतिशत बेरोजगारी दर वाला राज्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहन देने के साथ ही रोजगार आधारित उद्योग स्थापित करने पर निवेशकों को विशेष अनुदान दिया जा रहा है।

### कृषक कल्याण वर्ष में किसानों की समृद्धि का संकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए कृषि उत्पादन के साथ फूड प्रोसेसिंग और पशुपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषक कल्याण वर्ष में हमारा संकल्प है कि प्रदेश के किसान आत्मनिर्भर और समृद्ध हों। पशुपालन और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए नई योजनाओं को लागू कर रहे हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश में दूध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है। राज्य का सिंचाई रकबा तेजी से बढ़ रहा है। पिछले डेढ़ साल में ही 7.5 लाख हैक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ा है, इसे 100 लाख हैक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। नर्मदा का जल क्षिप्रा नदी में पहुंचने से मालवा अंचल के किसानों को भी लाभ मिला है।

### नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन में बन रहे आत्मनिर्भर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर आ चुका है। उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर मुरैना में सोलर एनर्जी का बड़ा प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है। दोनों राज्य 6-6 महीने इससे निर्मित बिजली का उपयोग करेंगे। किसानों को सोलर पंप देकर बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। ग्रीनगो कंपनी ने आंध्र प्रदेश के बाद देश में दूसरा पंप स्टोरेज मंदसौर के गांधी सागर बांध में लगाया है, जिसे 2 साल की अल्प अवधि में पूर्ण किया गया है। मध्यप्रदेश पड़ौसी राज्यों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करते हुए जल बंटवारे, नदी जोड़ो अभियान और नशे के खिलाफ अभियान चला रहा है।

### प्रदेश के समग्र विकास को गति प्रदान करेगा बजट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। राज्य सरकार ने 5 साल में प्रदेश का बजट दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। आगामी 18 फरवरी को राज्य सरकार बजट पेश करेगी, जो प्रदेश के समग्र विकास को गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए शहरीकरण और औद्योगिकरण दोनों आवश्यक हैं। इंदौर और भोपाल में मेट्रोपोलिटन एरिया विकसित किए जा रहे हैं। सरकार ने पहले औद्योगिकरण पर जोर दिया, क्योंकि जब उद्योग स्थापित होंगे तो शहर भी विकास करते जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश 31 मार्च की डेडलाइन से पहले नक्सलवाद से मुक्त होने वाला पहला राज्य बना है। इस उपलब्धि में हमारी हॉक फोर्स और पुलिस के जवानों की अहम भूमिका रही है। अब दोबारा नक्सलवाद प्रदेश की धरती पर न पनपे, इसके लिए समेकित रूप से विकास योजनाएं बनाकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### युवाओं के कौशल उन्नयन पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों बढ़ने से भविष्य में हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की आवश्यकता होगी। इसके लिए शिक्षा नीति 2020 लागू करने के बाद सरकार युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए विशेष व्यवस्था कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक उपयोग और भावी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। तकनीक को प्रोत्साहित करने के लिए इंजीनियरिंग कॉलेजों में आईटी सेंटर खोलने की शुरुआत हुई है। हम युवाओं को तकनीकी रूप से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। संवाद कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे। भारत प्रकाशन के प्रबंध निदेशक श्री अरुण कुमार गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए सुनिश्चित, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों, शासन की हितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा संकल्प से समाधान अभियान के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, एमपीआईडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर आयुक्त नगर निगम श्री आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय तथा श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सीएम हेल्पलाइन तथा सुशासन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण



विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज सभी शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो। साथ ही शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाना आवश्यक है। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की रेण्डम रूप से समीक्षा भी की। 5 प्रकरणों में लापरवाही तथा देरी से निराकरण पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रकरणों को गंभीरता से देखें और त्वरित रूप से निराकरण सुनिश्चित करें।

उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर पात्र व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ मिले। हितग्राहियों के चयन के लिए ग्राम पंचायत से लेकर नगर निगम और नगर परिषदों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जाए। बैठक में संबंधित अधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा करते हुए इसे सफल बनाने के निर्देश भी दिए गए।

## राज्यपाल श्री पटेल के इंदौर आगमन पर कलेक्टर श्री वर्मा ने की भेंट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल अपने दो दिवसीय प्रवास पर आज इंदौर आये। रेसीडेंसी कोठी पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने राज्यपाल श्री पटेल से शिष्टाचार भेंट की और पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री पटेल 17 फरवरी को सुबह 11.30 बजे देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे तथा विश्वविद्यालय परिसर में एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कार्यक्रम पश्चात राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 2 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# चोइथराम नेत्रालय में 13वें मेगा आई कैंप की हुई क्लोजिंग सेरेमनी

### मानव सेवा के इस कार्य की सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने की सराहना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े आज चोइथराम नेत्रालय में 13वें मेगा आई कैंप की क्लोजिंग सेरेमनी में शामिल हुए। तीन महीने तक चले इस मानवीय आई केयर मिशन का समापन था। इस शिविर का उद्देश्य आँखों की रोशनी वापस लाने और ज़िंदगी बदलने के लिए समर्पित था। चोइथराम नेत्रालय द्वारा ऑप्थल्मोलॉजी सर्विस और कम्युनिटी आउटरीच पर केंद्रित इंदौर व उज्जैन संभाग के 15 जिलों के लिए यह आई शिविर विगत 15 नवंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित किया गया। सम्भागायुक्त डॉ. श्री सुदाम खाड़े ने इस शिविर को संबोधित किया और इंटरनेशनल मेहमानों से चर्चा की। साथ ही उन्होंने डिस्चार्ज एरिया में ऑपरेशन वाले मरीज़ों से मिले और मेडिकल टीम की कोशिशों की भी सराहना की।

श्री लेखू और श्री अश्विनी वर्मा समेत कई जाने-माने लोगों ने प्रेरणा देने वाले भाषण दिए,



जिसके बाद एक इंटरैक्टिव सवाल-जवाब सेशन हुआ, जिसमें ट्रांसपेरेंसी और कम्युनिटी एंगेजमेंट के प्रति कमिटमेंट दिखा। सेरेमनी का एक बहुत ही दिल को छू लेने वाला पल पेशेंट डिस्चार्ज प्रोग्राम था, जहाँ मेहमानों ने उन बेनिफिशियरी से पर्सनली बातचीत की जिनकी आँखों की रोशनी वापस आ गई थी।

इस बड़े आउटरीच प्रोग्राम के दौरान 40,000 मरीज़ों की स्क्रीनिंग की गई। 7,500 सर्जरी के माध्यम से सफलतापूर्वक आँखों की रोशनी आई। आँखों के डॉक्टरर्स, ऑप्टोमेट्रिस्ट, पैरामेडिकल स्टाफ़ और वॉलंटियर्स की खास टीमों ने दूर-दराज और पिछड़े इलाकों में अपनी सेवाएं दी। गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के लिए एडवांस्ड सर्जिकल तकनीक और आंखों के मॉडर्न इक्विपमेंट का इस्तेमाल किया गया। मोतियाबिंद की सर्जरी, ग्लूकोमा मैनेजमेंट और रेटिनल बीमारियों पर खास ज़ोर दिया गया। इस पहल ने चोइथराम नेत्रालय के अंधेपन को खत्म करने और समाज के सभी वर्गों को आंखों की देखभाल देने के वादे को फिर से सुनिश्चि किया।

समारोह की शुरुआत में मेहमानों के आने और पारंपरिक स्वागत के साथ हुई, जिसमें स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स ने शानदार स्वागत किया और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को दिखाया।

### लैंप लाइटिंग सेरेमनी

डॉ. टीना दमानी की इंट्रोडक्टरी प्रेजेंटेशन जिसमें मेगा कैंप के स्केल, आउटरीच स्ट्रेटेजी और इम्पैक्ट पर रोशनी डाली गई। डॉ. मिलिंद रोकड़े की इंस्टीट्यूशनल प्रेजेंटेशन जिसमें हॉस्पिटल का इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्जिकल एक्सीलेंस, रिसर्च कंट्रीब्यूशन और कम्युनिटी सर्विस इनिशिएटिव दिखाए गए। अंधेपन पर एक पावरफुल वीडियो की स्क्रीनिंग पांच यूनिक पेशेंट केस स्टडीज़ की प्रेजेंटेशन, जिसमें ज़िंदगी बदलने वाले सर्जिकल आउटकम दिखाए गए।

## एम.वाय. अस्पताल के सामने स्ट्रेचर वाले वायरल वीडियो की जांच के लिए अस्पताल प्रबंधन ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

- वायरल वीडियो पर एम.वाय. अस्पताल प्रबंधन की तत्परता, तथ्यात्मक जांच जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **एम.वाय. अस्पताल के सामने रोड पर मरीज को स्ट्रेचर पर ले जाने संबंधी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वायरल वीडियो की घटना को एमवाय अस्पताल के सामने रोड का बताया जा रहा है।**

इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन ने वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बताया है कि प्रबंधन ने एमवाय में लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से वीडियो में दिख रहा स्ट्रेचर एम. वाय. हॉस्पीटल का प्रतीत नहीं हो रहा है और मरीज एम.वाय. हॉस्पीटल के इमरजेंसी विभाग में भी नही आया है।

अस्पताल प्रबंधन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एम.वाय. हॉस्पीटल में मरीजों को भेजने के लिए 108 एम्बुलेंस की सुविधा सेन्ट्रलाईज सिस्टम द्वारा उपलब्ध है। सिक्यूरिटी गार्ड एवं अन्य कर्मचारियों का तथा वीडियो रिकॉर्डिंग का परीक्षण किया जा रहा है। सिक्यूरिटी गार्ड/स्ट्रेचर बॉय को स्ट्रेचर पर किसी भी मरीज को अस्पताल परिसर से बाहर नहीं ले जाने के स्पष्ट निर्देश है।

# काव्य गौरव अलंकरण के लिए पांच कवि चयनित

### पंकज प्रसून, निशा पंडित, कमलेश दवे, पुष्पेन्द्र पुष्प और शिवांगी प्रेरणा को मिलेगा 22 फरवरी को काव्य गौरव अलंकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हिन्दी भाषा की वाचिक परम्परा से मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा पाँच कवियों को प्रतिवर्ष काव्य गौरव अलंकरण प्रदान किया जाता है। वर्ष 2026 में माण्डव से डॉ. पंकज प्रसून चौधरी, उज्जैन से निशा पंडित, नागदा से कमलेश दवे, बड़नगर से पुष्पेंद्र जोशी पुष्प और भोपाल से शिवांगी प्रेरणा का चयन किया गया है। यह अलंकरण संस्थान के प्रतिष्ठा प्रसंग हिन्दी गौरव अलंकरण समारोह में प्रदान किया जाएगा। इंदौर में यह समारोह रविवार 22 फ़रवरी 2026 को आयोजित किया जा रहा है।**



मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' ने बताया कि 'संस्थान विगत छह वर्ष से वाचिक परम्परा के पाँच युवा कवियों को काव्य गौरव अलंकरण से सम्मानित करता है, जिसमें वर्ष 2026 के लिए चयन समिति ने देशभर से प्राप्त अनुशंसाओं के आधार पर कवियों का चयन किया है।' ज्ञात हो कि कवियों का चयन देश के विभिन्न प्रान्तों से होता है, विगत पाँच वर्षों में पच्चीस कवि काव्य गौरव अलंकरण से सम्मानित हो चुके हैं। काव्य गौरव से अलंकृत होने वाले कवियों को मातृभाषा उन्नयन संस्थान राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए आमंत्रित किया।

# निगम आयुक्त ने धीमे काम को लेकर एजेंसी को लगाई फटकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोमवार को नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल देवगुराडिया में ट्रेंचिंग ग्राउंड और बिचोली हैप्सी में सिटी फॉरेस्ट क्षेत्र पहुंचे। ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित अलग-अलग प्लांट्स - बायो सीएनजी प्लांट, नेप्रा, स्वच्छता परी, सूखा कचरा निपटान प्लांट, ग्रीन वेस्ट प्लांट और सिटी फॉरेस्ट परिसर और प्रजेंटेशन देखकर पूरी जानकारी ली।**



आयुक्त सबसे पहले बायो सीएनजी गैस प्लांट पहुंचे। यहां पर उन्हें कितना गिला कचरा आता है, वेट कैसे करते,अपशिष्ट से गैस उत्पादन की पूरी प्रोसेस, मशीनरी संचालन, गैस आउटपुट, वितरण व्यवस्था एवं गैस के उपयोग संबंधी जानकारी दी। फिर उन्होंने स्वच्छता परी परिसर का दौरा किया और यहां लगाए गए फारेस्ट, उनके रखरखाव और संरक्षण की जानकारी ली। उन्होंने नेप्रा प्लांट पर सूखे कचरे के निपटान, सूखे कचरे को अलग-अलग करने के प्लांट को देखा। उन्होंने रोजाना आने वाले कचरे की मात्रा, काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या, उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, सीएंडडी वेस्ट मटेरियल के संकलन व प्रसंस्करण की पूरी प्रोसेस, पेवर ब्लॉक के उपयोग के संबंध में पूरी डिटेल ली। इसके बाद नगर निगम आयुक्त बिचोली हैप्सी स्थित सिटी फॉरेस्ट ग्रीन वेस्ट प्लांट भी पहुंचे। यहां ग्रीन वेस्ट के संग्रहण की प्रोसेस, रोजाना आने वाली ग्रीन वेस्ट की मात्रा, कार्यबल की उपलब्धता, कचरे के बुरादे का उपयोग,प्लांट के रखरखाव एवं संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्रीन वेस्ट से बनने वाले बायो फ्यूल और पैलेट का भी जायजा लिया। नगर निगम आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान ग्रीन वेस्ट प्लांट में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और प्रोसेसिंग की धीमी गति पर एजेंसी को फटकार लगाते हुए काम में सुधार करने का कहा। नगर निगम आयुक्त के साथ अपर आयुक्त प्रखर सिंह, यंत्री सुमित अस्थाना, सौरभ माहेश्वरी सहित नगर निगम के अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु सतत कार्रवाई जारी

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने तीन प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण - लिये गये नमूने



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में मिठाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की सतत जांच की जा रही है। कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के तीन दल गठित किए जाकर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु सतत कार्रवाई किए जाने के आदेश प्रसारित किए गए हैं। उक्त आदेश के पालन में सोमवार को दल द्वारा विभिन्न स्थलों पर जाँच की कार्रवाई की गई।**

जाँच दल द्वारा FSSAI से प्राप्त शिकायत के आधार पर इंदौर के स्कीम नंबर 71 स्थित शुभम सोहन पपड़ी प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। शिकायत में उल्लेख था कि सोहन पपड़ी का स्वाद खराब है एवं उत्पाद की गुणवत्ता उपयुक्त नहीं है। निरीक्षण के दौरान सोहन पपड़ी के 02 नमूने विधिवत लिए गए। इसी प्रकार दल द्वारा स्कीम नंबर 71 में ही कुणाल इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया गया। यहां काला नमक एवं मिर्च का निर्माण किया जाना पाया गया। मौके से लाल मिर्च, रेड चिल्ली फ्लेक्स, खड़ा काला नमक, काला नमक पाउडर के नमूने जाँच हेतु लिये गये। इसके अलावा जाँच दल द्वारा ममता नगर धार रोड इंदौर में सहयोग बेकरी का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर खाद्य पदार्थ टोस्ट का निर्माण किया जाना पाया गया। मौके से टोस्ट, शक्कर एवं तिल्ली के कुल 04 नमूने लिए गए हैं। उक्त सभी नमूनों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। विश्लेषण प्रतिवेदन प्राप्त होने उपरांत नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

## नि:शुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण की 14वीं बैच संपन्न, 40 महिलाएं बनीं प्रशिक्षित ड्राइवर

● अब तक कुल 509 महिलाएं ले चुकी हैं प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। महिला सशक्तिकरण की दिशा में इंदौर का एक और सकारात्मक कदम सोमवार को पूरा हुआ, जब निर्धन और निम्न आयवर्ग की महिलाओं के लिए चल रही नि:शुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण योजना की 14वीं बैच सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस बैच में 40 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर प्रमाणित ड्राइवर बनाया गया। परिवहन विभाग और नंदानगर स्थित आईटीआई के संयुक्त प्रयास से संचालित इस योजना के तहत अब तक कुल 509 महिलाएं प्रशिक्षित हो चुकी हैं। पहले 13 बैचों में 469 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया था, जबकि 14वीं बैच के 40 प्रतिभागियों के साथ यह संख्या 500 के पार पहुंच गई है।




एआरटीओ श्रीमती अर्चना मिश्रा ने बताया कि कोविड-19 के बाद रोजगार संकट के दौर में शुरू की गई यह पहल झुग्गी-बस्तियों और निम्न आयवर्ग की महिलाओं के लिए नई उम्मीद बनकर उभरी है। जो महिलाएं पहले घरेलू कामकाज तक सीमित थीं, वे अब आत्मविश्वास के साथ सड़कों पर वाहन चला रही हैं। कई महिलाएं ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी संभाल रही हैं, तो कुछ वाहन शोरूम और निजी संस्थानों में ड्राइवर या सहायक के रूप में कार्यरत हैं। सोमवार को हमारी 14वीं बैच का एक महीने का प्रशिक्षण समाप्त हुआ। जिसके बाद इन महिलाओं को आरटीओ प्रदीप शर्मा और आईटीआई के प्रभारी अधिकारी निखिल पंडित, संयुक्त संचालक कौशल विकास सतीश मोरे ,प्राचार्य श्रीमती रीना सोलंकी द्वारा सभी महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

एआरटीओ श्रीमती अर्चना मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण पूरी तरह चरणबद्ध और व्यावहारिक है। पहले ड्राइविंग सिम्युलेटर पर बेसिक कंट्रोल सिखाया जाता है, इसके बाद वास्तविक ट्रैक पर अभ्यास कराया जाता है। साथ ही सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, वाहन रखरखाव और व्यवहारिक परिस्थितियों की जानकारी भी दी जाती है। लर्निंग लाइसेंस से लेकर परमानेंट लाइसेंस तक की पूरी प्रक्रिया विभाग द्वारा ही पूर्ण कराई जाती है।

इस योजना का सकारात्मक प्रभाव भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। अब तक 27 महिलाओं को सीएसआर फंड के माध्यम से 25-25 हजार रुपये की सहायता दिलाकर ई-रिक्शा दिलवाने में मदद की गई है। इस बैच की भी दो जरूरतमंद महिलाओं को ई-रिक्शा दिलवाने में मदद की जाएगी। इस अवसर पर सभी महिला चालक प्रशिक्षणार्थी, प्रशिक्षक श्री राजीव रंजन तिवारी, श्री कृपाशंकर सक्सेना, श्री सीताराम रावत एवं अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## बच्चा चोरी करने की अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई करेगी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में बच्चा चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस कमिश्नर ने झूठी अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। इसी बीच द्वारकापुरी क्षेत्र में रविवार रात एक महिला 11 साल के बच्चे को अपने साथ ले जाने की कोशिश करती हुई सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दी। हालांकि बच्चे के दोस्त द्वारा आवाज देने पर वह तुरंत वापस लौट आया।

बाद में बच्चे के परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने महिला को पूछताछ के लिए थाने लाया,



लेकिन उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उसे छोड़ दिया गया। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने तीन दिन पहले सोशल मीडिया पर एडवाइजरी जारी कर बच्चा चोरी की झूठी अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। बताया गया कि महाशिवरात्रि की रात सांई मंदिर, अहिल्या परिसर के पास बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान युग नाम के 11 वर्षीय बच्चे को एक महिला अपने साथ ले जाने लगी। महिला उसी इलाके से दो गलियों दूर रहती है। तभी बच्चे के दोस्त ने उसे आवाज दी, जिसके बाद बच्चा महिला के पास से वापस अपने दोस्तों के पास लौट आया। इसके बाद बच्चे के परिजन महिला के घर पहुंचे और उसके बेटे से बात की। बेटे ने इसे गलतफहमी बताया। बाद में युग के परिजन द्वारकापुरी थाने पहुंचे और टीआई मनीष मिश्रा को सीसीटीवी फुटेज दिखाया। पुलिस महिला को पूछताछ के लिए थाने लेकर आई। महिला ने बताया कि वह अपना घर भूल गई थी, इसलिए बच्चे से रास्ता पूछ रही थी। पुलिस जांच में सामने आया कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने बच्चे के परिजनों से एफआईआर दर्ज कराने के लिए भी कहा, लेकिन उन्होंने शिकायत करने से इंकार कर दिया। हालांकि सोशल मीडिया पर बच्चा चोरी की अफवाहों के चलते शहर में बच्चों के परिजनों में डर का माहौल बना हुआ है।

# सायबर पंजीयन कार्यालय से पेपरलेस और कैशलेस प्रक्रिया को मिलेगा प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्तयारनामा, माइनिंग लीज, हलफनामा, पॉवर ऑफ अटार्नी जैसी 75 से अधिक सेवाओं का हो रहा है सायबर पंजीयन

- नवाचार सुशासन के संकल्प की सिद्धि का प्रमाण
- संपदा 2.0 को मिला है वर्ष 2025 का राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया सायबर पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार विकास के साथ प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, शुचिता, तत्परता, नवाचार और जनकल्याण को प्रोत्साहन दे रही है। पंजीयन विभाग के सायबर पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ इसी संकल्प की सिद्धि का प्रमाण है। संपदा-1.0 और संपदा 2.0 के बाद प्रदेश में सायबर पंजीयन की प्रक्रिया का आरंभ होना तकनीक आधारित सुशासन की नई शुरुआत है। मध्यप्रदेश तेजी से बदल रहा है। मध्यप्रदेश भारत का पहला राज्य है, जिसने डिजिटल क्रांति के माध्यम से लोन, मुख्तयारनामा, माइनिंग लीज, हलफनामा, पावर आफ अटार्नी, पार्टनरशिप डीड जैसी 75 से अधिक सेवाओं के लिए सायबर पंजीयन प्रारंभ किया है। राज्य सरकार के इस नवाचार से पेपरलेस और कैशलेस प्रक्रिया को प्रोत्साहन मिल रहा है। यह नई पीढ़ी के लिए पर्यावरण और पारदर्शिता के मामले में महत्वपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को भोपाल में पंजीयन भवन में सायबर पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद ये विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब शासन और उसके उपक्रमों के अंतरण दस्तावेज भी पेपरलेस रजिस्ट्रेशन के माध्यम से पूरे होंगे। हाउसिंग बोर्ड और विकास प्राधिकरण के अंतरण के लिए जनता को पंजीयन कार्यालय नहीं आना पड़ेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से वीडियो केवायसी सहित सभी कार्य होंगे, इससे धन और समय दोनों की बचत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि संपदा 2.0 के नवाचार को वर्ष 2025 का राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार मिला है। अब तक 14 लाख 95 हजार से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन हो चुका है। राज्य सरकार ने 55 जिलों में सायबर तहसील परियोजना को लागू किया है, जिसमें राजस्व बंटवारा, नामांतरण की प्रक्रिया भी संपदा 2.0 से हो सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभागीय अधिकारी सायबर पंजीयन सुविधा के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ मौजूदा वित्त वर्ष में अपने लक्ष्य पूरे करें।

उप मुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि वर्ष 2024-25 में दस्तावेजों के पंजीयन और ई-स्टाम्पिंग के लिए एडवांस सॉफ्टवेयर संपदा 2.0 लागू किया। इससे चल और अचल संपत्ति के दस्तावेज डिजिटल और पेपरलेस तरीके से पंजीकृत हो रहे हैं। कई दस्तावेज तो ऐसे हैं जिनके लिए उप-पंजीयक कार्यालय भी नहीं आना पड़ता है। सबसे पहले गुना,हरदा, रतलाम और डिण्डौरी जिलों में नए ई-पंजीयन और ई- स्थम्पिंग सॉफ्टवेयर संपदा 2.0 का सफल पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया था। प्रदेश के नवाचारों को देशभर में सराहा गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जारी इन नवाचारों का लाभ प्रदेश के नागरिकों को मिल रहा हैं। पंजीयन से जुड़े कार्यों को त्रुटि रहित पूरा करने के लिए प्रदेशभर के 14 लाख कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री अमित राठौर, प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र सिंह, महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक श्री अमित तोमर उपस्थित रहे। कार्यक्रम से जिलों के अधिकारी, बैंककर्मी और लाभार्थी वर्चुअली जुड़े।

# विक्रमोत्सव व्यापार मेले में पहले दिन 501 वाहन बिके

### 18 मार्च तक 50% छूट का लाभ लेने के लिए लगी लाइन



**उज्जैन।** विक्रमोत्सव के तहत लगातार तीसरे वर्ष व्यापार मेला उज्जैन में लगा है। जिसमें वाहनों के रजिस्ट्रेशन में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इस वर्ष मेला 15 फरवरी से शुरू होकर 18 मार्च तक इंजीनियरिंग कालेज में आयोजित हो रहा है। पहले ही दिन उज्जैन व्यापार मेले से 501 वाहनों की बिक्री हो गई। इस वर्ष कुल 40 हजार वाहनों की बिक्री उज्जैन के व्यापार मेले से होने की संभावना है।

उज्जैनी विक्रमोत्सव व्यापार मेले के दौरान विक्रित होने वाले ऐसे गैर-परिवहन मोटर साईकिल, मोटर कार, ओमनी बस तथा हल्के परिवहन वाहनों को मोटरयान कर की दर में 50 % की मेला अवधि 15.02.2026 से 18.03.2026 तक छूट शासन की और प्रदान की गई है। रविवार शाम को सीएम डॉ मोहन यादव ने मेले का शुभारम्भ किया था जिसके बाद सोमवार को बड़ी संख्या में छूट का फायदा उठाते हुए लोगो ने वाहन ख़रीदे। पहले दिन दो पहिया वाहन 136,चार पहिया वाहन 340 और अन्य वाहन 25 सहित कुल 501 वाहन बिकने के बाद रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंचे। बाईट दो वर्ष में मेले के दौरान कुल 59930 हजार वाहन विक्रय हुए थे जिससे कुल 308 करोड़ का राजस्व सरकार को मिला था।

**उज्जैनी विक्रमोत्सव व्यापार मेला- 2024**

दो पहिया वाहन- 5797
चार पहिया -17908
कुल विकृत -23705
प्राप्त राजस्व - 122. 11 करोड़

**उज्जैनी विक्रमोत्सव व्यापार मेला- 2025-**

दो पहिया वाहन- 7772
चार पहिया -28451
कुल विकृत -36225
प्राप्त राजस्व - 186.58 करोड़

# दीन-दुखियों की सेवा का संकल्प प्रेरणादायी और अनुकरणीय : राज्यपाल श्री पटेल

### राज्यपाल बड़वानी के ग्राम नागलवाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा का संकल्प प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय है। खरगौन-बड़वानी सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने माता-पिता के संस्कारों से प्रेरित होकर जो सेवा का संकल्प लिया है, वह अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने सुशीला देवी उमराव सिंह पटेल सेवा संस्थान द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिये निरंतर किए जा रहे कार्यों की सराहना की।**




राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को बड़वानी के भिलट देव धाम, ग्राम नागलवाड़ी में सुशीला देवी उमरावसिंह पटेल सेवा संस्थान द्वारा सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन एवं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं पोषण आहार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम से पूर्व स्थानीय भिलट देव धाम पहुँचकर पूजा-अर्चना भी की।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि संस्था द्वारा टी.बी. रोगियों को पोषण आहार वितरण, सिकल सेल जांच, व्यापक जागरूकता तथा विभिन्न प्रकार की जांच-परामर्श आदि सेवाएँ नि:शुल्क प्रदान करना गरीब, वंचित और जरूरतमंदों की बड़ी मदद है। इससे ग्रामीण क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।

### 'हर ग्राम–एक काम' जनकल्याण की सार्थक पहल

राज्यपाल श्री पटेल ने इस अवसर पर सांसद अभियान अंतर्गत 'हर ग्राम–एक काम' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत प्रत्येक पंचायत में केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के माध्यम से जनकल्याणकारी कार्य करना सार्थक पहल है। यह अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ प्रभावी रूप से पहुँचाने का विशेष प्रयास है। राज्यपाल श्री पटेल को बताया गया कि अभियान में सांसद प्रत्येक पंचायत में युवाओं, महिलाओं एवं नागरिकों से संवाद करेंगे। उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों एवं नवीन अवसरों का सृजन करेंगे। स्वरोजगार-रोजगार के नवाचार करेंगे। स्थानीय उद्योगों एवं लघु व्यवसायों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम में सिकल सेल मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र योजना के टी.बी. मरीजों को पोषण आहार वितरित किया। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग, कैंसर, स्त्री रोग, स्तन कैंसर, नाक-कान-गला, हड्डी रोग, शिशु रोग, मूत्र रोग, नेत्र रोग एवं जनरल मेडिसिन संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। ईको, ई.सी.जी., शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, मोतियाबिंद एवं नेत्र परीक्षण, सर्वाइकल कैंसर, कोल्पोस्कोपी, पैप स्मियर तथा मैमोग्राफी आदि जांचें भी की गईं।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अंतरसिंह आर्य, सांसद रतलाम-झाबुआ श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष बड़वानी श्री बलवंतसिंह पटेल, पूर्व मंत्री प्रेमसिंह पटेल सहित श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, श्री अजय यादव, संस्था अध्यक्ष श्रीमती बसंती गजेंद्रसिंह पटेल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, चिकित्सक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में खरगोन-बड़वानी संसदीय क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

## संपादकीय

**सर्वोच्च न्यायालय की नसीहत**

## केवल कानून नहीं, जागरूकता से थमेगा साइबर अपराध

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार को उन कमजोर लोगों को जागरूक कर मुआवजा देना चाहिए, जिन्होंने साइबर फ्रॉड में अपनी मेहनत की कमाई गंवा दी है। खासकर बुजुर्ग पीड़ितों की रक्षा करने की कोशिश भी करनी चाहिए। सोमवार को परमजीत खरब नाम के शख्स को जमानत देते हुए जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने यह टिप्पणी की। परमजीत पर ऑनलाइन-फ्रॉड पीड़ितों से वसूले गए पैसे को जमा करने के लिए बैंक अकाउंट बनाने और उन्हें कथित साइबर क्रिमिनल्स को बेचने का आरोप है। जस्टिस नागरत्ना ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) एस. डी. संजय से कहा, 'आपको लोगों को एजुकेट करना होगा। टीवी और रेडियो पर रेकॉर्डिंग चलाकर बताएं कि ये साइबर क्रिमिनल कैसे काम करते हैं। वे अधिकतर बुजुर्गों को टारगेट करते हैं और उन्हें उनके काम करने के तरीके के बारे में पता होना चाहिए। उन्होंने लाखों नहीं बल्कि करोड़ों की मेहनत की कमाई गंवाई है।' बेंच ने खरब को यह देखते हुए जमानत दी कि दूसरे सह-आरोपियों को राहत दी गई है। उसे पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करने और हर महीने के पहले सोमवार को पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया। कोर्ट ने कहा, 'यह निर्देश दिया जाता है कि अपील करने वाला आगे के ट्रायल में पूरा सहयोग करेगा। ASG ने जमानत याचिका का कड़ा विरोध जताया। ASG ने कहा कि ये साइबर क्रिमिनल बहुत कॉन्फिडेंट और स्मार्ट होते है और वह खुद भी एक बार लगभग उनका शिकार हो ही गए थे। बेंच को बताया कि सरकार संचार साथी ऐप लेकर आई है। इस पर साइबर क्राइम, मोबाइल चोरी के बारे में रिपोर्ट कर सकते है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'लोगों को दिखाएं कि ये स्कैमस्टर कैसे काम करते है और ये फ्रॉड कैसे किए जाते है। आप लोगों को एजुकेट करें कि आपके पास ऐसी ही बातें आएंगी।

**सैर सपाटा**

# वृंदावन में देख आएं फूलों की होली

### ●जानें सेफ्टी टिप्स और बांके बिहारी मंदिर के अलावा कहां जाएं

**वृंदावन में होली का रंग देखने लोग दूर-दूर से आते हैं। बरसाना, वृंदावन, नंदगांव और मथुरा में 40 दिनों तक होली का त्योहार मनाया जाता है। अगर आप इस साल वृंदावन में फूलों की होली का नजारा देखने जा रहे हैं, तो जानें सेफ्टी टिप्स और बांके बिहारी मंदिर के अलावा कहां जाएं**



वैसे तो देश-विदेश में होली के त्योहार को खूब धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। लेकिन वृंदावन, बरसाना, नंदगांव और मथुरा समेत ब्रज की होली काफी खास होती है। दरअसल, यहां पर होली का त्योहार 40 दिनों तक मनाया जाता है। वृंदावन की सबसे मशहूर होली फूलों वाली है। दुनियाभर से लोग फूलों की होली खेलने के लिए वृंदावन पहुंचते हैं। इस साल 28 फरवरी शनिवार को फूलों की होली मनाई जाएगी। वृंदावन में फूलों की होली देखने जा रहे हैं तो जानें सेफ्टी टिप्स और बांके बिहारी मंदिर के अलावा कहां घूमने जाएं।

### बांके बिहारी मंदिर के अलावा फूलों की होली देखने कहां घूमने जाएं



#### बांके बिहारी मंदिर

फूलों की होली मुख्य तौर से बांके बिहारी मंदिर में ही मनाई जाती है। इस होली के दौरान मंदिर के पुजारी लगभग आधे घंट तक लोगों पर ताजे फूलों की पंखुड़ियां बरसाते हैं। अगर आप बांके बिहारी मंदिर में फुलों की होली खेलने जाना चाहते हैं तो सुबह 9 बजे तक पहुंचने की कोशिश करें क्योंकि फूलों की होली लगभग 9:30 बजे शुरू हो जाती है।

#### गोपीनाथ मंदिर

वृंदावन स्थित राधा गोपीनाथ मंदिर यमुना नदी के पास केशी घाट के पास है, ये वैष्णव संप्रदाय के सबसे पुराने सात प्राचीन मंदिरों में से एक है। गोपीनाथ मंदिर में विधवाओं की होली अक्सर फूलों की होली के बाद मनाई जाती है।

#### पुराना वृंदावन

फूलों की होली देखने के बाद यमुना नदी से मंदिर तक की पैदल घूमें। इस दौरान वृंदावन के लोग फूलों की पंखुड़ियों से हल्की होली खेलते और पारंपरिक ब्रज भजन गाते हुए मिलेंगे।

#### वृंदावन जाएं तो याद रखें ये सेफ्टी टिप्स

**टाइम का रखें ख्याल**

सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच सबसे ज्यादा भीड़ होती है। अगर आपको भीड़भाड़ से दिक्कत है तो मंदिर जाने से बचें।

**बंदरों से बचाव**

वृंदावन के बंदर आपके हाथों से चश्मा, फोन और कैमरा छीन सकते हैं। अगर आप चश्मा पहनते हैं, तो स्ट्रैप का इस्तेमाल करें या उसे जिप वाली जेब में रखें।

**जेबकतरों से बचाव**

रुपये और फोन के लिए कपड़ों के नीचे पहनने वाला क्रॉस-बॉडी बैग या वाटरप्रूफ नेक पाउच इस्तेमाल करें।

New Delhi

# भारत का समुद्री ऐक्शन, ईरान के 3 तेल टैंकर पकड़ लिए; US ने लगाया है प्रतिबंध

**नई दिल्ली, (एजेंसी) अपने समुद्री क्षेत्र को लेकर भारत अलर्ट मोड में है। खबर है कि भारत ने इस महीने ईरान से जुड़े तेल टैंकरों को जब्त किया है। खास बात है कि इनपर अमेरिका की तरफ से प्रतिबंध लगाया गया था। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हुआ है, जब टैरिफ के कारण तनाव में आए भारत और अमेरिका के रिश्ते फिर से सुधरने लगे हैं। अमेरिका ने भारत पर लगाए टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी किया है।**

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि भारत ने अमेरिका की तरफ से प्रतिबंधित किए गए



ईरान से जुड़े तीन तेल टैंकर पकड़े हैं। साथ ही भारत ने अवैध व्यापार को रोकने के लिए समुद्री क्षेत्र में निगरानी तेज कर दी है। एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, भारत का मकसद शिप टू शिप यानी जहाज से जहाज में होने वाले ट्रांसफर को रोकना है। ऐसा कई बार इसलिए किए जाता है ताकि तेल के स्त्रोत को छिपाया जा सके। तीन पकड़े गए टैंकर्स की पहचान स्टैलर रूबी, एस्फाल्ट स्टार और अल जाफजिया के तौर पर हुई है। सूत्रों के मुताबिक, इन तीनों ने तटीय राज्यों में कानून से बचने के लिए लगातार अपनी पहचान बदली है।

एजेंसी के अनुसार, ईरान की स्टेट मीडिया ने तेल कंपनी के हवाले से कहा कि भारत की तरफ से पकड़े गए तीनों टैंकर्स का कंपनी से कोई लेना देना नहीं है।

Haryana

## रोहतक में बड़ा गैंगवार! IG ऑफिस के पास 22 गोलियां बरसाकर हत्या, भाऊ गैंग ने ली जिम्मेदारी



**रोहतक, (एजेंसी)** हरियाणा के रोहतक में शुक्रवार को हुई ताबड़तोड़ फायरिंग ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. आईजी ऑफिस से कुछ ही दूरी पर दिल्ली बाईपास के पास अज्ञात हमलावरों ने दिनेश उर्फ गोगा पर 22 गोलियां दाग दीं. मौके पर ही उसकी मौत हो गई. बिजी रोड पर हुई इस वारदात से आसपास अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों में दहशत फैल गई. मृतक दिनेश गोगा का भी आपराधिक रिकार्ड बताया जा रहा है.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावर तेज रफ्तार वाहन में आए और एकाएक गोलियां बरसानी शुरू कर दीं. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें पहुंचीं और इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी गई. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है. पुलिस को मौके से करीब 28 से 30 राउंड हुए गोलियां के खोल मिले है. घटना के कुछ समय बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई, जिसने मामले को और सनसनीखेज बना दिया. पोस्ट में 'जय भोले की' लिखते हुए दावा किया गया कि दिनेश गोगा की हत्या अमेरिका में बैठे कुख्यात गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और मोस्ट वांटेड नीरज फरीदपुरिया के इशारे पर कराई गई है. पोस्ट में आगे धमकी भरे लहजे में अन्य लोगों को भी निशाना बनाने की बात कही गई है. लिखा है - बाकी ये और 2-4 कीड़े मकोड़े हैं इनका टाइम आ लिया है.

Jammu & Kashmir

## रावी नदी पर बांध बनकर तैयार

- अब बूंद-बूंद पानी को तरसेगा पाकिस्तान, भारत का तगड़ा प्लान

**कठुआ, (एजेंसी)** भारत और पाकिस्तान के बीच दशकों से बहते पानी की सियासत अब एक बड़े बदलाव की ओर है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर निर्माणाधीन शाहपुर कंडी बांध परियोजना अपने अंतिम चरण में है। इस परियोजना के चालू होने से रावी नदी का वह बचा हुआ पानी, जो अब तक बहकर पाकिस्तान चला जाता था, पूरी तरह रुक जाएगा और इसका इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर और पंजाब की सूखी जमीन को सींचने में किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के मंत्री जावेद अहमद राणा ने सोमवार को जानकारी दी कि इस बांध का काम 31 मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है। यह परियोजना विशेष रूप से सूखाग्रस्त कठुआ और सांबा जिलों के लिए जीवनरेखा साबित होगी। यह बांध न केवल जल संचयन करेगा, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी गति देगा। इस परियोजना से जम्मू-कश्मीर के कठुआ और सांबा जिलों की 32,173 हेक्टेयर से अधिक भूमि और पंजाब की लगभग 5,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। केंद्र सरकार ने सिंचाई घटक के लिए 485.38 करोड़ रुपये की सहायता राशि को मंजूरी दी है।

Bihar

## नाबालिग लड़के से रेप, विरोध किया तो दांत से काटा गाल...गांव के मुखिया पर लगे आरोप

**हाजीपुर, (एजेंसी)** बिहार में वैशाली जिले के बरांटी थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां काशीपुर चकबीबी पंचायत के मुखिया अर्जुन सिंह पर एक नाबालिग लड़के से अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का गंभीर आरोप लगा है. पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना 9 फरवरी की शाम करीब 6 बजे की है.नाबालिग ने पुलिस को बताया कि मुखिया ने उसे 'किसान सम्मान निधि योजना' की जानकारी देने के बहाने बुलाया. आरोप है कि मुखिया ने नाबालिग को कचड़ा भवन नहर के किनारे ले जाकर उस पर दबाव बनाया और उसके निजी अंगों को पकड़ने का प्रयास किया. जब नाबालिग ने विरोध किया और चिल्लाया, तो मुखिया ने उसका मुंह दबाया और गाल पर दांत भी काट दिए. किसी तरह नाबालिग अपनी जान



बचाकर घर पहुंचा और माता-पिता व ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी. नाबालिग के पिता 12 फरवरी को घर लौटे और इसके बाद बरांटी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई. पुलिस ने मुखिया के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अर्जुन सिंह के खिलाफ पहले से दो मामले दर्ज हैं और वे पहले भी जेल जा चुके हैं.

खेल

### क्या खत्म हुआ ऑस्ट्रेलिया का सफर?

# श्रीलंका की जीत ने बदला सुपर-8 का गणित, निसांका का ऐतिहासिक शतक

**पल्लेकेले**। टी20 विश्व कप 2021 की खिताब विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने लचर प्रदर्शन के कारण मौजूदा टूर्नामेंट में बाहर होने के मुहाने पर खड़ी है। सोमवार को श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद उसकी सुपर-8 की राहें कठिन हो गई हैं। अब उसे किसी चमत्कार का इंतजार है। बता दें कि, सोमवार को टी20 विश्व कप 2026 का 30वां मुकाबला पल्लेकेले में खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल मार्श और ट्रेविस हैड की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में 10 विकेट पर 181 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने 18 ओवर में दो विकेट पर 184 रन बनाए और आठ विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया।







इस हार के साथ ऑस्ट्रेलिया की राहें कठिन हो गई हैं। अब उनपर टी20 विश्व कप में सुपर-8 की दौड़ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, मिचेल मार्श की अगुवाई वाली टीम लगातार दो मैचों में हार के साथ ग्रुप बी की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है जबकि जिम्बाब्वे चार अंक और 1.984 के नेट रन रेट के साथ दूसरे पायदान पर है। मंगलवार को जिम्बाब्वे का सामना आयरलैंड से होगा। अगर यह मैच जिम्बाब्वे जीत लेती है तो सुपर-8 में पहुंच जाएगी और ऑस्ट्रेलिया का सफर इस टूर्नामेंट में समाप्त हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया को अपना आखिरी मुकाबला ओमान से खेलना है। वहीं, श्रीलंका शीर्ष स्थान पर है। उसके खाते में छह अंक और 2.462 नेट रन रेट है।

### श्रीलंका की रिकॉर्ड जीत

1. इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के सामने 182 रनों का लक्ष्य रखा, जिसे टीम ने महज 18 ओवर में हासिल कर लिया।
2. यह रन चेज टी20 विश्व कप के इतिहास में श्रीलंका की सबसे बड़ी सफल लक्ष्य-प्राप्ति रही, साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टूर्नामेंट में किसी भी टीम द्वारा किया गया सबसे बड़ा सफल रन चेज भी बन गया।
3. खास बात यह रही कि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह पहली बार था जब श्रीलंका ने बांग्लादेश या जिम्बाब्वे के अलावा किसी अन्य टीम के खिलाफ 180+ का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया।
4. इतना ही नहीं, यह श्रीलंका की धरती पर किसी भी टीम द्वारा किया गया दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज भी दर्ज हुआ, जिसने इस जीत को और भी ऐतिहासिक बना दिया।

सिनेमा

## राखी सावंत ने पार की हदें, बाउंसर्स ने घसीटकर बिग बॉस से निकाला, रोकर बोलीं- मुझे नहीं जाना...



रियलिटी शो बिग बॉस मराठी सीजन 6 में ड्रामा क्वीन राखी सावंत की धमाकेदार एंट्री हुई थी. शो की टीआरपी को अप करने के लिए एक्ट्रेस को लाया गया. इसका मेकर्स और शो को फायदा भी हुआ. बीबी मराठी 6 की हर ओर चर्चा होने लगी. रियलिटी शो में आते ही राखी ने हंगामा शुरू कर दिया. लेकिन वो ड्रामा करते हुए हद पार कर गईं और फिर उनके खिलाफ मेकर्स ने बड़ा एक्शन लिया है. बीबी मराठी को नया प्रोमो सामने आया है जिसमें बिग बॉस को राखी पर गुस्सा करते हुए देखा जा सकता है. एक्ट्रेस के हंगामे से पूरा घर परेशान है. क्लिप में दिखाया गया कैसे राखी पूरा घर गंदा करती नजर आती हैं. बेड पर कचरा फेंकते हुए उन्हें देखा जाता है. इतना ड्रामा बिग बॉस से भी नहीं देखा गया और उन्होंने राखी पर एक्शन लेने का प्लान बनाया. वीडियो में बिग बॉस राखी को डांटते हुए कंफेशन रूम में बुलाते हैं. एक्ट्रेस बिग बॉस से माफी भी मांगती हैं, लेकिन वो जरा भी नहीं पिघलते. बिग बॉस ने उनसे कहा- ये आपने घर का क्या हाल कर दिया है? आपने मेरे घर को बर्बाद कर दिया है. अब आपके खिलाफ एक्शन होगा. होस्ट ने भी आपके खिलाफ एक्शन लेने को कहा है. टीम आकर राखी को शो से बाहर निकालो. एक्ट्रेस बिग बॉस से पूछती हैं- मैंने क्या किया है? वो शो में रहने की बात करती हैं. मेकर्स से अपील करते हुए कहती हैं कि उन्हें बाहर ना निकालें. लेकिन तभी टीम के लोग आकर राखी को बाहर निकालने की कोशिश करते हैं. 2 बाउंसर आते हैं और राखी को घसीटकर बाहर निकालते दिखे. राखी चिल्लाते हुए कहती हैं- मुझे नहीं जाना....

## Highlights

1. **Indore MBA student killed, boyfriend arrested in Maharashtra**
2. **French Prez Macron lands in Mumbai for 3-day visit, to meet PM Modi**
3. **13-hr traffic curbs on Mumbai's Western Express Highway today due to Macron's visit**
4. **17-yr-old teen gets bail for board exams days after his SUV kills 23-yr-old in Delhi**
5. **US Ambassador Sergio Gor visits Indian Army's Western Command HQ**
6. **Disappearances in Balochistan spark fear among families**

# Nikhil Kamath, Yuval Noah Harari discuss fragile global order, trust crisis at Davos



**NEW DELHI, (Agency).** A discussion between Zerodha co-founder Nikhil Kamath and historian-author Yuval Noah Harari at the World Economic Forum in Davos focused on the weakening of global institutional trust and the growing fragility of the international order, according to a press release issued on the conversation.

Recorded on the sidelines of the Davos summit, the exchange examined how global cooperation can endure amid rising geopolitical tensions, polarization, and skepticism toward democratic and financial institutions. The conversation forms part of Kamath's "People by WTF" podcast series.

Harari said that large-scale human cooperation is built primarily on shared belief in institutions and common narratives rather than force. Financial systems, nation states, and legal frameworks function because of collective trust, he noted, warning that when this trust erodes, predictability and stability decline.

He also cautioned against the shift from institution-driven governance to personality-driven politics, arguing that democratic resilience depends not only on elections but also on confidence in processes, shared facts, and institutional continuity.

Artificial intelligence was another key theme, with the discussion highlighting risks around AI-generated information and its potential impact on governance and public truth. Kamath drew a parallel between markets and geopolitics, saying both are ultimately sustained by confidence.

# Apple announces March 4 event for likely low-cost MacBook, iPhone

**NEW DELHI, (Agency).** Apple Inc. is set to unveil a slew of new products — from low-cost MacBooks to cheaper iPhones — at an event scheduled for 4 March.

The company invited media to gatherings in New York, Shanghai and London, saying it is holding an in-person "experience". The invitation implies a more low-key showcase than the typical



launches held at its campus in Cupertino.

The invitation doesn't specify whether a keynote will be streamed online, as has been typical since 2020 when Apple had to adjust its event strategy due to covid.

Apple has been planning to release several new products in the first half of 2026, including new MacBook Pros, MacBook Airs, a low-cost MacBook in several colours and new iPad models. Apple is also soon planning to release an iPhone 17e, an update to its mid-tier smartphone.

### शिवपुरी में एडवोकेट की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

# वकीलों ने नहीं किया काम न्यायालयीन कार्य प्रभावित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की निर्मम हत्या के विरोध में पूरे मध्यप्र देश के वकीलों में भारी आक्रोश है। इसी कड़ी में इंदौर में जिला कोर्ट और मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के वकीलों ने न्यायालयीन कार्य से विरत रहते हुए विरोध प्रदर्शन किया और कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा। वकीलों के कार्य से विरत रहने के चलते न्यायालयीन कामकाज प्रभावित रहा और कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई स्थगित करनी पड़ी।



जिला कोर्ट इंदौर परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष एलएल यादव ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि करेरा में एडवोकेट की हत्या केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि यह पूरे वकालत पेशे और कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रहार है। यादव ने सरकार से मांग की कि मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए तथा परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाए, ताकि परिवार को भविष्य में आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। सभा में अधिवक्ताओं ने प्रदेश में वकीलों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई और वकील प्रोटेक्शन एक्ट को शीघ्र लागू करने की मांग दोहराई। उनका कहना था कि लगातार बढ़ रही अधिवक्ताओं पर हिंसक घटनाएं मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं और सरकार को अब ठोस व प्रभावी कदम उठाने होंगे। जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि एडवोकेट की हत्या के आरोपियों की कोई भी वकील पैरवी नहीं करेगा। पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की गई कि मामले की जांच तेजी से पूरी कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। वकीलों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक